बालाजी मंदिर में पौधे रोपे

भवानीमंडी, (निसं)। पृथ्वी बचाओ चैरिटेबल ट्रस्ट इंडिया द्वारा संचालित संकल्प वन महोत्सव अभियान के तहत रविवार को ग्राम पंचायत सुलिया के बालाजी मंदिर परिसर पर एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वर्गीय कैलाश भाराडिया की स्मृति में किया गया।

इस अवसर पर उनके सुपुत्र शरद भाराडिया, ने कार्यक्रम में आये हुऐ सभी अतिथियों को माला पहनकर स्वागत किया। ट्रस्ट संस्थापक अध्यक्ष फूलचंद वर्मा ने बताया कि इस अवसर पर पुलिस उपअधीक्षक प्रेमचंद चौधरी, थानाधिकारी रमेश चंद मीणा, पूर्व चेयरमैन रामलाल गुर्जर, पूर्व सूलिया सरपंच हरि सिंह गुर्जर, सरपंच बहादुर गुर्जर, तथा समाजसेवी ऋतिक शर्मा अरविंद वर्मा गोविंद वर्मा अर्जुन गुर्जर राधे गुर्जर सहित कई गणमान्य नागरिक और युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पुलिसउपाधिक्षक प्रेमचंद चौधरी ने पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में जलवायु परिवर्तन एक गंभीर विषय बन चुका है। ऐसे में वृक्षारोपण केवल पर्यावरण का नहीं, बल्कि मानवता का संरक्षण है।

मुख्यमंत्री की पहल पर कच्चा परकोटा के 300 परिवारों को मिला आवासीय पट्टा, 25 वर्षों का संघर्ष समाप्त

भरतपुर (निस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर नगर निगम क्षेत्र के कच्चा परकोटा में निवास कर रहे 300 जरूरतमंदों को आवासीय पट्टे मिलने का का वर्षों पुराना सपना साकार हुआ। नगर निगम द्वारा दीनदयाल अंत्योदय संबल योजना के अंतर्गत रविवार को बीडीए ऑडिटोरियम में जिला कलक्टर कमर चौधरी, जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा सहित जनप्रतिनिधियों ने पट्टे वितरित किये तो उनका 25 वर्षों के संघर्ष का सुखद अंत हुआ।

जिला कलक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आवासीय पट्टे का सपना साकार कर मूलभूत जरूरत पूरी की है। उन्होंने कहा कि भरतपुर को आने वाले समय में पर्यटक सिटी के रूप विकसित किया जायेगा, इसके लिए सभी नागरिकों को सक्रियता से भागीदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए सभी नागरिक स्वयं के स्तर से पहल करें जिससे केवलादेव एवं लोहागढ स्टेडियम घूमने आने वाला पर्यटक

भरतपुर में कच्चा परकोटा के 300 परिवारों को आवासीय पट्टों का वितरण किया।

शहर के बाजारों, पुरामहत्व के स्थलों को निहारने आ सके। उन्होंने कहा कि आवसीय पट्टा मिलने से अब कच्चा परकोटा क्षेत्र का भी चहुमुंखी विकास का सपना साकार होने के साथ परिवारों को बैंकिंग सेवाओं का लाभ भी मिल सकेगा।

जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने कहा कि सरकार ने आवासीय पट्टे का सपना साकार कर वर्षों पुरानी समस्या का निराकरण किया है इससे लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने में आसानी होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री महोदय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार भरतपुर के विकास के लिए ऐतिहासिक पहल कर रही है। गिरधारी तिवारी ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय की सोच अंतिम व्यक्ति को योजना का लाभ देना है यह सरकार ने आज पूरा किया है। कच्चा परकोटा संघर्ष समिति के इन्द्रजीत भारद्धाज संघर्ष के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने आमजनता को पट्टे प्रदान कर विकास का मार्ग खोला है इससे कच्चा परकोटा के लोग भी अब सुख की नींद ले सकेंगे।

नगर निगम आयुक्त श्रवण विश्नोई ने बताया कि पं. दीनदयाल अन्त्योदय संबल पखवाड़ा की सफलता और पारदर्शिता को सुनिश्चित करते हुए नगर निगम गरीबों के उत्थान के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और आगे भी ऐसे प्रयास लगातार जारी रहेंगे। इस अवसर पर करीब 300 जरूरतमंद परिवारों को आवासीय पट्टे वितरित किए गए, जिससे न केवल उन्हें अपने आशियाने का कानूनी हक़ मिला, बल्कि जीवन में स्थायित्व और सम्मान की अनुभूति भी हुई। समारोह में गिरधारी गुप्ता एवं शैलेष कौशिक, पूर्व नेता प्रतिपक्ष रूपेंद्र सिंह महेन्द्रसिंह मग्गो, राजेन्द्र खंण्डेलवाल, सत्येन्द्र गोयल सहित जनप्रतिनिधि उपस्थिति रहे। पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा भरतपुर शहर के लिए एक सकारात्मक पहल का प्रतीक बना। जिसने यह सिद्ध किया कि प्रशासन जब संवेदनशीलता और समर्पण के साथ कार्य करता है ।

सार-समाचार

हादसे में 5 जने घायल

पावटा। भाबरू थाना क्षेत्र के हाइवे स्थित बागावास अहिरान के पास खड़े ट्रेलर में पीछे से एक अल्टिका कार टकरा गई। हादसे में कार सवार 5 जने घायल हो गए। घायलों को ग्रामीणों की सहायता से पावटा उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान हाइवे पर यातयात भी बाधित रहा। बताया जा रहा है कि कार सवार लोग दिल्ली से खाटूश्याम जी के दर्शनों के लिए जा रहे थे। बागावास अहिरान के पास पहुंचने पर कार चालक को नींद की झपकी आने से कार अनियंत्रित हो गई और ट्रेलर में पीछे से जा घुसी। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पर भाबरु थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों रंजन, अम्रता, शिल्पी, बबलू सिंह, रत्नसहाय को पावटा के उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर किया गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को साइड में करवाकर यातायात सुचारू करवाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सार्वजनिक पुस्तकालय शुरु

निवाई। ग्राम पंचायत झिलाय के यादव गोपालपुरा में सामुदायिक केन्द्र में श्री कृष्णा सार्वजनिक पुस्तकालय का शुभारंभ मूख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं विधायक बाबा बालकनाथ महाराज एवं विधायक रामसहाय वर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना करके फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं विधायक बालकनाथ ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धा के युग में शिक्षा का स्तर बढ रहा है, जिसके साथ ही काफी प्रतिस्पर्धा बढती जा रही है, साथ ही शिक्षा का स्तर में मंहगा होता जा रहा है, सामान्य एवं गरीब परिवारों लिए कठिन होता जा रहा है। सम्पन्न परिवार सुख-सुविधाओं का लाभ लेकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ जाते है, लेकिन कमजोर एवं गरीब तबके के परिवारों के लिए यह संभव नही हो पाता है, लेकिन ग्रामीण क्षैत्र के यादव समाज ने बालकों की भावनाओं को समझते हुए एक अनूठी पहल की शुरूआत कर नया आयाम स्थापित किया है। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि शहरों की भांति ग्रामीण क्षैत्र के बालक-बालिकाओं को सुविधाओं के अभाव में इस प्रतिस्पर्धा के युग में काफी संघर्ष कर उच्च शिखर पर पहुंचकर ग्रामीण क्षैत्र का नाम रोशन कर रहे है। राजस्थान यादव महासभा के प्रदेशाध्यक्ष महेन्द्र यादव ने कहा कि यादव समाज अधिकतर कृषि एवं पशुपालन पर निर्भर रहकर जीवन-यापन कर अपनी संतानों को शिक्षा से जोडकऱ तय लक्ष्य के अनुरूप काम कर रहा है, लेकिन आज भी कई ऐसे परिवार है, जो मार्गदर्शन के अभाव में कई प्रतियोगी परीक्षाओं से पिछड़ रहे है, ऐसे कार्यो से लाभान्वित होकर अपनी सफलता की ओर बढ़ेंगे। पूर्व सरपंच भंवरलाल यादव ने कहा कि वर्तमान के आधुनिक युग में शिक्षा के साथ-साथ भौतिक ज्ञान की भी महती आवश्यकता है, यहां के बालकों को शहरों की भांति ग्राामीण स्तर पर ही सुविधाएं मिलेगी तो समय के साथ-साथ अर्थिक भार से भी मुक्ति मिलेगी साथ ही शांत वातावरण में अपनी प्रतिभाओं आगे लाने में कारगर साबित होगी। इस दौरान पूर्व उपसरपंच कानाराम यादव, एडवोकेट बनवारीलाल यादव, भाजपा नेता जंसीलाल यादव, बंशीलाल दांतरदा, नारायण सहणा, हरिनारायण गौगड, सागर सहणा, रामफूल यादव, कैलाश यादव व गिर्राज दांतरदा सहित यादव गोपालपुरा के कई महिलाएं और पुरूष सहित बालक-बालिकाएं मौजूद थे।

शिवानी सिंह सत्र न्यायाधीश होगी

कोटपूतली । वर्ष 2013 बैच की न्यायिक अधिकारी शिवानी सिंह कोटपूतली- बहरोड जिले की प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश होगी।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने इसी बजट सत्र में नवगठित जिला कोटपूतली- बहरोड में जिला एवं सत्र न्यायालय एवं इसके समकक्ष न्यायालयों को खोले जाने की घोषणा की थी। जिसके बाद राज्य सरकार की बजट घोषणा अनुरूप राजस्थान हाईकोर्ट ने नवगठित जिले के मुख्यालय कोटपूतली में डीजे कोर्ट का गठन कर जिला एवं सत्र न्यायालय खोला था। साथ ही कार्यवाहक डीजे के रूप में एडीजे प्रथम डॉ. राजेश कुमार को जिम्मेदारी सौंपी थी। अब राजस्थान हाईकोर्ट ने शिवानी सिंह को यहां का जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया है। यह तीसरी बार होगा जब नवगठित जिला कोटपूतली- बहरोड़ में जिला स्तरीय सबसे महत्वपूर्ण पद महिला अधिकारी को सौंपा गया है। प्रथम कलक्टर के रूप में यहां शुभम चौधरी को दायित्व सौंपा गया था। साथ ही प्रथम एसपी के रूप में भी रंजिता शर्मा को जिम्मेदारी दी गई थी। अब तीसरी बार महिला अधिकारी के हाथों ही जिले की न्यायिक व्यवस्थाओं की कमान होगी। गठन के बाद से ही कोटपूतली- बहरोड़ जिला महिला नेतृत्व के हाथों रहा है। यहां कलक्टर पद पर शुभम चौधरी के बाद कल्पना अग्रवाल व प्रियंका गोस्वामी की तैनाती की गई है। जबकि पुलिस अधीक्षक के पद पर रंजिता शर्मा के बाद वंदिता राणा व ज्येष्ठा मैत्रेयी को लगाया गया था। हालांकि कानून व्यवस्था को लेकर आ रही चुनौती एवं सीमावर्ती जिला होने के कारण ज्येष्ठा मैत्रेयी का एक ही दिन में स्थानान्तरण कर तेज तर्रार व बोल्ड पुलिस अधिकारी माने जाने वाले राजन दुष्यंत को जिले का पुलिस कप्तान बनाया गया था।

मुहर्रम में या हुसैन की सदाओं से गूंजायमान रहा प्रागपुरा कस्बा

■ प्रागपुरा कस्बा का मोहर्रम ऐतिहासिक व सुप्रसिद्ध दूर दराज से देखने आते है लोग : सदर आमीन मंसूरी

पावटा। प्रागपुरा कस्बा में पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन एवं उनके बहत्तर हमराहियों की शहादत पर कस्बा में बुधवार को ग्राम के बिचों बिच स्थित शाही जामा मस्जिद से मुख्य बाजार होते हुए ढोल-ताशों की मातमी धुनों के बीच ग्राम के प्रमुख मार्गों से ताजिए का जुलूस निकाला गया।

वक्फ बोर्ड कमेटी सदर आमीन मंसुरी, नायब सदर अयूब लुहार, सचिव समीर लोहार, समेत कमेटी सदस्यों द्वारा व्यवस्था की गई। कमेटी मेंबर इमरान लोहार ने कहा कि आसपास के जिलों में प्रागपुरा कस्बा का मोहर्रम ऐतिहासिक व सुप्रसिद्ध है जिसे जयपुर - दिल्ली, यूपी, पंजाब, एमपी समेत आसपास के क्षेत्र से सैकड़ों लोग देखने व जुलूस में शरीक होने आते है। साथ ही यह पर्व ग्रामवासियों में हिंदू - मुस्लिमों का सौहार्द का प्रतिक रहा है। जिसे कस्बावासी एकता के साथ शांति पूर्वक वर्षों से मनाते आ रहे है। भाजपा जयपुर उत्तर मोर्चा जिला अल्पसंख्यक अब्दुल सत्तार ने बताया कि मुहर्रम मेले में प्रशासन द्वारा पुलिस सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। वही विराटनगर डीएसपी शिप्रा राजावत, थानाधिकारी किरण सिंह यादव समेत पुलिस का पर्याप्त जाप्ता मेले में अलर्ट मोड़ में रहा। पूरे दिन थाना क्षेत्र में गश्त लगा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते देखे गए। मेला कमेटी द्वारा सुभाष चौक पर मीठे पानी की छबील, गोगा मंदिर के सामने आगंतुक व ग्रामवासियों के लिए भोजन की सुसज्जित माकुल व्यवस्था की गई। लौहार मंडी में बच्चों व बड़ों के लिए करीब एक दर्जन झुले लगे थे। वहीं मेले के अखाड़े में नौजवानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाये। ताजिया जुलूस में बड़ी संख्या में महिला - पुरुष, बड़े बुजुर्ग शामिल हुए। वहीं हिंदू - मुस्लिम महिलाएं छोटे बच्चों को नजर से बचाने के लिए मुहर्रम के निचे से निकालते हुए मन्नते मांगती नजर आई। वक्फ बोर्ड कमेटी सदस्य समीर लुहार ने बताया कि रविवार को यौमे अशुरा यानी मुहर्रम की दसवीं थी। जिसमें समुदाय के लोग ढोल-ताशों की मातमी धुनों के साथ या अली या हुसैन की सदाएं लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे जिससे दिनभर कस्बा गुंजायमान रहा। शाम को मगरिब की नमाज के ठीक पहले ताजिए को गांव स्थित कर्बला में दफना दिया गया। इकबाल शाह ने बताया कि इस बार मेला में समुदाय के लोगों ने पहले से भी ज्यादा मेले को ऐतिहासिक बनाने की पूर्ण तैयारी की गई है। इस दौरान वक्फ बोर्ड कमेटी मेंबर , मल्लू तेली, लल्लू भिस्ती, बाबू मंसूरी, सराज कुरेशी, पप्पु लोहार व ताजियादार इकरामुद्दीन शाह, उस्ताद इदरिस शाह, समशेर शाह, रिजवान कुरेशी, मोहम्मद , घासीलाल मीणा, सहिद लुहार, रमजान जिंदरान, फिरोज लोहार , आदि मौजूद रहे।

श्री दादू दयाल गौशाला आश्रम में संतों का सम्मान

निवाई। श्री दादू दयाल गौशाला आश्रम भेरूपुरा किवाड़ा में गौ ऋषि संत प्रकाशदास स्वामी के सानिध्य में श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा यज्ञ, श्री दादू सुरभि 11 कुंडीय महायज्ञ, श्री गोपाल रुक्मणी एवं शिव पार्वती मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन को लेकर कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है।

संयोजक भानु गौतम व सहसंयोजक मनीष केसोट ने बताया कि श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा महायज्ञ एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन को लेकर अयोध्या धाम से गणेशदास महाराज भागवत कथा में पधारे जहां दयालदास महाराज ने संतों की अगवानी की। उन्होंने बताया कि महायज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर गौ ऋषि संत प्रकाशदास स्वामी के सानिध्य में कथा वाचकमहामंडलेश्वर संत विष्णुशरण महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत महात्म्य, ज्ञान वैराग्य, भक्ति चरित्र, धुंधकारी उद्धार, श्री शुक्र देव प्राकट्यय, परीक्षित जन्म, ध्रुव चरित्र, कपिलोपाख्यान का वर्णन किया। उन्होंने बताा कि सोमवार को जड़ भक्त चरित्र, प्रहलाद चरित्र, गजेंद्र मोक्ष व वामन अवतार, चतुर्थ दिवस पर श्रीराम चरित्र, श्री कृष्ण जन्मोत्सव व नंदोत्सव, पंचम दिवस पर श्री कृष्णा बाल लीलाएं, गोवर्धन पर्वत पूजन छप्पन भोग का आयोजन होगा। इसी प्रकार महारास लीला, उद्धव ब्रजगमन व रुक्मणी विवाह व सप्तम दिवस पर सुदामा चरित्र, श्री शुक्र देव विदाई एवं ब्रज की फूलों की होली सहित कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। यज्ञाचार्य पंडित मुरलीधर शास्त्री अकोडिया के सानिध्य में विद्वान पंडितो द्वारा मंत्रोचारण के साथ श्रद्धालु हवन में आहुतियां दी गई। संत प्रकाशदास महाराज द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी। जिस पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। इस अवसर पर सैकड़ो गौ भक्तों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए समस्त व्यवस्थाएं की जा रही है। उन्होंने बताया कि 10 जुलाई को श्रीराम कथा के समापन को लेकर यज्ञ की पूर्णाहुति करके महाआरती की जाएगी। इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर दादू संप्रदाय के पीठाधीश्वर आचार्य स्वामी ओमप्रकाशदास महाराज, गौवत्श गोपालानंदसरस्वती महाराज सहित नरेंद्र कांटोली, भानु गौतम, रामेश्वरप्रसाद गुजर, कानाराम गुजर आदि मौजूद थे ।

भाजपा कार्यालय पर संगोष्ठी का आयोजन

किशनगढ़ बास । श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर रविवार को भाजपा कार्यालय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महापुरूषो के चित्रो पर माल्यापर्ण कर की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य व पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को हुआ था, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने स्वेच्छा से अलख जगाने के उद्देश्य से राजनीति में प्रवेश किया।

डॉ मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धान्तवादी थे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। संसद में अपने भाषण में उन्होंनें धारा-370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की। अगस्त 1952 में जम्मू कश्मीर की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अपना जीवन बलिदान कर दूंगा । डॉ. मुखर्जी अपने संकल्प को पूरा करने के लिये 1953 में बिना परमिट लिये जम्मू-कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े। वहां पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कश्मीर को लेकर एक नारा दिया था, नहीं चलेगा एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेश बटवाडा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष उमेश कान्त वशिष्ठ, चैयरमैन प्रतिनिधि सतीश सिंहल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष छोटेलाल यादव, घुमन्तु अर्द्ध घुमन्तु प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक कैलाश गौड़, एससी मोर्चा अध्यक्ष रामस्वरूप मेघवाल, अमीचंद, पार्षद अनिल शर्मा आदि मौजूद थे।

परंपरागत तरीके से ताजिये निकाले

बौंली, बामनवास । हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बौंली नगर मुख्यालय पर परंपरागत तरीके से ताजिया निकाले गए, ताजिया इमामबाड़ से रवाना होकर सदर बाजार होते हुए कुछ समय जगन्नाथ जी के चौक में विश्राम करके मुख्य बस स्टैंड से कर्बला ले जाया गया। सुरक्षा मे पुलिस प्रशासन भी साथ था।

चंद्रप्रभु जैन मंदिर में पहली बार बनाया ऐतिहासिक सिद्ध चक्र अनुष्ठान

निवाई। सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में श्रद्धालुओं ने अष्टान्हिका पर्व को लेकर बपूंई वालों के चैत्यालय में सिद्ध चक्र महामण्डल विधान की संगीतमय पूजा अर्चना की।

सभी पूजार्थियों ने अष्ट द्रव्य से भक्ति पूर्वक आराधना की। जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला व सुनिल भाणजा ने बताया कि पण्डित सुरेशकुमार शास्त्री के मंत्रोच्चार द्वारा भगवान चंद्र प्रभु एवं भगवान महावीर स्वामी का क्षीरसागर के जल से अभिषेक एवं शांतिधारा करने का सौभाग्य श्रेष्ठी शिखर चंद, चीफ जस्टिस नरेंद्र कुमार, सुरेश कुमार, अजीत कुमार, नितिन जैन काला एवं महावीरप्रसाद गोधा को मिला। उन्होंने बताया कि विधानाचार्य पंडित सुरेशकुमार शास्त्री की अगुवाई में आचार्य निमन्त्रण करके चारों दिशाओं में ध्वजाएं स्थापित करवाई गई एवं सोधर्म इन्द्र द्वारा मण्डल पर दीप प्रज्वलित करके पांच मंगल कलश की स्थापना की गई।

इस दौरान श्रद्धालुओं ने विधान में संगीत के साथ 64 श्रीफल अर्ध्य समर्पित किए। विधान के तहत दिगम्बर जैन महासमिति के राष्ट्रीय महामंत्री सुरेन्द्र जैन पांडया एवं महासमिति राजस्थान महिला अंचल की संरक्षिका मृदुला पांडया मय दम्पति ने चंद्र प्रभु के दरबार में श्रीफल चढ़ाकर आराधना की। इस दौरान चीफ जस्टिस एनके जैन एवं कर सलाहकार सुरेश काला सहित मंदिर कमेटी एवं आयोजन समिति द्वारा माल्यार्पण एवं दुपट्टा पहनाकर स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया। उन्होंने बताया कि 11 जुलाई तक सिद्ध चक्र विधान के समवशरण में श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान की संगीत से विशेष पूजा अर्चना की जा रही है।

'समान रूप से हर गांव-ढाणी तक पहुंचेंगे विकास कार्य'

■ पीएचसी निर्माण से ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध होगी।

कोटपूतली । विधायक हंसराज पटेल ने रविवार को क्षेत्र के ग्राम भालोजी, बसई व नांगडीवास में विभिन्न विकास कार्यो का बतौर मुख्य अतिथि लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक पटेल ने जिला प्रमुख रमा चौपड़ा के साथ ग्राम भालोजी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के नवनिर्मित भवन का भी उद्घाटन किया।

साथ ही वहां उपलब्ध करवाई गई सुविधाओं की जानकारी ली। पटेल ने कहा कि पीएचसी निर्माण से ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध होगी। राज्य सरकार गांव देहात में जन सुविधाओं को सुलभ बनाने का हरसम्भव प्रयास कर रही है। विकास का क्रम निरन्तर जारी है, सभी जगह समान रूप से विकास कार्य पहुंचेगें।

इस दौड़ में कोई भी गांव-ढ़ाणी पीछे नहीं रहेगी। उन्होंने भालोजी में डामर सड़क से श्मशान भूमि व डामर सड़क से राजेन्द्र के मकान की ओर जाने वाली इन्टरलॉक सड़क एवं श्मशान भूमि में टीनशेड़ निर्माण कार्य व इन्टलॉकिंग सड़क समेत पीर बाबा के स्थान पर नवनिर्मित भवन का भी लोकार्पण किया। वहीं पटेल ने ग्राम नांगड़ीवास, बसई में हाथी कॉलोनी से प्रकाश फौजी की ढ़ाणी की ओर जा रही सडक, नांगडीवास जाटान और कसाना की ढ़ाणी की ओर जा रही सड़क व पूर्व सडक से शिव मंदिर की और जा रही सड़क का भी लोकार्पण किया। उक्त सड़कों के निर्माण में 85 लाख रूपयों की लागत आई है। इस दौरान विधायक पटेल व जिला प्रमुख रमा चौपड़ा का ग्रामीणों ने स्वागत किया। सरपंच प्रतिनिधि सत्यवीर मीणा, पूर्व सरपंच नाहर सिंह व सरपंच कृष्ण आर्य ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान एसडीएम बृजेश चौधरी, बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर, पीएचसी प्रभारी डॉ. रोहित कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजवीर यादव, पंसस एड. दयाराम गुर्जर, पंसस विक्रम सिंह फाईनेंसर, शीशराम सरपंच, एड. कमल कसाना, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी समेत ग्रामीण आदि मौजूद थे।

मुकेश चौधरी उपाध्यक्ष बने

निवाई। राष्ट्रीय जाट महासभा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सचिन सरोहा व प्रदेश अध्यक्ष सुभाषचंद्र खेरवा के निर्देशानुसार कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें राष्ट्रीय जाट महासभा भारत के अध्यक्ष नेपारम दांतेल एवं जिला युवा अध्यक्ष सुरेश बेनीवाल ने कार्यकारिणी में मुकेश चौधरी को जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

पावटा में डाक कांवड यात्रा का पोस्टर जारी, मंदिर प्रांगण में गूंजे बोल बम

■ जयकारा वीर बजरंगी हर हर महादेव के जयकारे

पावटा । कस्बा पावटा स्थित गोपाल भैया मंदिर से भोले के भक्तों श्री राम गौ सेवा समिति विशाल डाक कांवड यात्रा की 17 जुलाई शाम 5 बजे रवानगी होगी। जिसका पोस्टर विमोचन गोपाल भैया मंदिर महंत मोहनदास रामायणी महाराज के सानिध्य में किया गया।

श्री राम डाक कावड़ गौ सेवा संघ सदस्यों ने बताया कि श्री राम डाक कावड़ गौ सेवा संघ सदस्यों ने बताया कि कस्बे में हर वर्ष डाक कावड़ भव्य विशाल शोभायात्रा निकाली जा रही है। जो हरिद्वार से पतित पावनी मां गंगा का पवित्र जल आगामी 20 जुलाई को कावड़ मे भरकर रवाना होगी। जिसमे आगामी 23 जुलाई शिवरात्रि को श्री गोपाल भैया मंदिर स्तिथ भगवान शिवशंकर सहित पंचायत का अभिषेक किया जाएगा। डाक कावड़ यात्रा को लेकर युवाओं में उत्साह का माहौल है। डाक कावड़ यात्रा में नितेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, गिरिराज कुमावत, संजू प्रजापत, सोमदत्त शर्मा सहित अन्य कावड़िया मौजूद रहे। वहीं कावड़ियों ने बताया कि डाक कावड़ का दूसरा जत्था 24 जुलाई 2025 की देर शाम को रवाना होगा। इस दौरान पोस्टर विमोचन में पूर्व उप सरपंच गिरिराज बोहरा, आदर्श रामलीला मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा, कोषाध्यक्ष ललित शर्मा, विप्र वाहिनी दीपक पटेल, कार्तिक शर्मा, आर्यन शर्मा, कुणाल शर्मा, राघव शर्मा, नितिन मुद्गल, आशीष पंचोली, टिंकू कुमावत, प्रहलाद सैन, पूर्व वार्ड पार्षद राजू शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त मौजूद रहे।

कस्बा पावटा स्थित गोपाल भैया मंदिर से भोले के भक्तों श्री राम गौ सेवा समिति विशाल डाक कांवड यात्रा का पोस्टर जारी किया ।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री राधेश्याम शर्मा पुत्र श्री नाथूलाल शर्मा, निवासी 25, भारतेन्दू नगर, स्कीम नं. ए.के.-10, खातीपुरा, जयपुर-302012 (राजस्थान) स्वयं की धर्मपत्नी श्रीमती मनोरमा शर्मा के स्वामित्व की अचल सम्पत्ति दुकान नम्बर 12 एवं 13, वैशाली नगर, अजमेर रोड़, जयपुर (राजस्थान) स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 37 वर्गमीटर है जिसे मेरे मुवक्किल एवं मेरे मुवक्किल की धर्मपत्नी श्रीमती मनोरमा शर्मा एवं मेरे मुवक्किल के पुत्र श्री राहुल शर्मा ने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक मे विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) में बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया हुआ था जिसका ऋण खाता संख्या 665775087 है, उक्त श्रीमती मनोरमा शर्मा पत्नी श्री राधेश्याम शर्मा का स्वर्गवास 19.02.2025 को हो चुका है, श्रीमती मनोरमा शर्मा पत्नी श्री राधेश्याम शर्मा के हिन्दू उत्तराधिकारी अधिनियम के तहत प्रथम श्रेणी के उत्तराधिकारी एवं वारिसान में मेरे मुवक्किल श्री राधेश्याम शर्मा पुत्र श्री नाथूलाल शर्मा, श्री राहुल शर्मा पुत्र श्री राधेश्याम शर्मा है, इनके अलावा स्वर्गीय श्रीमती मनोरमा शर्मा पत्नी श्री राधेश्याम शर्मा का कोई विधिक उत्तराधिकारी अथवा वारिसान नही है, चूकि मेरे मुवक्किल एवं मेरे मुवक्किल की धर्मपत्नी श्रीमती मनोरमा शर्मा एवं मेरे मुवक्किल के पुत्र श्री राहुल शर्मा के द्वारा लिए गए समस्त ऋण की अदायगी एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक मे विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) को की जा चुकी है इसलिए मेरे मुवक्किल स्वयं की धर्मपत्नी अर्थात श्रीमती मनोरमा शर्मा पत्नी श्री राधेश्याम शर्मा के स्वामित्व की उक्त अचल सम्पत्ति के समस्त मूल दस्तावेज एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक मे विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) सी-25, भगवान दास रोड़, सेन्ट जेवियर स्कूल के सामने, सी-स्कीम, जयपुर-302001 (राज.) से प्राप्त करना चाहते है, इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति अथवा बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति या आक्षेप हो तो मय सबूत सात दिन की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अवधि समाप्ति के पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरी मुवक्किल के विरूद्ध शून्य व बेअसर मानी जावेगी।
जयपुर
दिनांक
(श्याम सुन्दर चावला) एडवोकेट
6/48, मालवीय नगर, जयपुर
मोबाईल 9829218044